Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विज़िट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरुवार 22 अगस्त 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 322

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पोरस द्वीप में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 3 मरे

**एथेंस।** पोरस द्वीप के समुद्र क्षेत्र में मंगलवार को एक निजी हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत हो गई। द्वीप के मेयर यानिस दिमित्रियादिस के अनुसार, दो रूसी नागरिकों के शव पहले ही केबिन से बरामद किए जा चुके थे, जबकि हेलीकॉप्टर के ग्रीक पायलट का शव गोताखोरों ने समुद्र से बाद में निकाला। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एथेंस जा रहा हेलीकॉप्टर उड़ान के कुछ ही समय बाद बिजली के तारों में उलझ गया। शुरुआत में उसमें सवार लोगों की संख्या स्पष्ट नहीं थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने तट से कुछ मीटर दूर पानी में विमान के गिरने से पहले ही ग्रीस की सरकारी प्रसारणकर्ता ईआरटी को एक विस्फोट के बारे में बताया था। एथेंस के दक्षिण में स्थित इस द्वीप में घटना के बाद बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई।

### ट्रंप ने एक बार फिर की कश्मीर पर मध्यस्थता की बात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने की इच्छा व्यक्त की है। ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में कहा कि दोनों एशियाई पड़ोसी देशों के बीच 'अत्याधिक समस्याएं' हैं और वह स्थिति को सुलझाने में मदद कर रहे हैं। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, कश्मीर एक बेहद जटिल जगह है। यहां हिंदू हैं और मुसलमान भी हैं। और मैं नहीं कहूंगा कि उनके बीच काफी मेलजोल है। मध्यस्थता के लिए जो भी बेहतर होगा मैं वो करूंगा।

### अफगानिस्तान में हवाई हमला, 18 आतंकवादी ढेर

**तालुकान।** अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत तखार के ईशकामिश जिले में तालिबान ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों में 18 आतंकवादी मारे गए तथा 10 अन्य घायल हो गए हैं। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता मोहम्मद जवाद हजारी ने बुधवार को बताया कि हवाई हमले मंगलवार की देर रात को किये गये जिसमें 18 आतंकवादी मारे गए और 10 अन्य घायल हुए हैं। हजारी ने कहा कि सुरक्षा बल आतंकवादियों के सफाये के लिए जमीनी और हवाई हमले जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने अबतक उक्त अशांत जिले के कई गांवों को आतंकवादियों से खाली करा लिया है। इस हमले को लेकर तालिबान आतंकवादियों ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की है।

### अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने ताइवान को 66 एफ-16 युद्धक विमान बेचे जाने की मंजूरी दी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने ताइवान को 66 'एफ-16' युद्धक विमान बेचे जाने की मंगलवार को मंजूरी दी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ताइवान को लॉकहीड मार्टिन निर्मित युद्धक विमान का अत्याधुनिक संस्करण 'एफ-16सी/डी ब्लॉक 70' मिलेगा। यह सौदा आठ अरब अमेरिकी डॉलर का है। विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने एक बयान में बताया राष्ट्रपति ने इस प्रस्तावित बिक्री को हरी झंडी दे दी थी। ताइवान के राष्ट्रपति के एक प्रवक्ता ने यह कहते हुए एक बयान जारी किया कि इससे उनकी हवाई रक्षा क्षमता बढ़ेगी और यह आत्मरक्षा में मदद मिलेगी।

### सऊदी में अब अकेले सफर कर सकेंगी महिलाएं

**रियाद।** सऊदी अरब में 21 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए यात्रा के क्षेत्र में बड़े सुधार लागू कर दिए गए। पासपोर्ट हासिल करने और किसी पुरुष संरक्षक की अनुमति के बिना विदेश यात्रा की इजाजत संबंधी ऐतिहासिक सुधारों को लागू कर दिया गया है। इन सुधारों की घोषणा इसी महीने की शुरुआत में की गई थी। मंगलवार को इन्हें लागू कर दिया गया। इस कदम से प्रतिबंधात्मक संरक्षकता प्रणाली कमजोर हुई है जो लंबे समय से महिलाओं के दमन का प्रतीक रही है। विभाग ने ट्विटर पर कहा, 'पासपोर्ट विभाग ने पासपोर्ट की अवधि बढ़ाने या पासपोर्ट जारी

# चिदंबरम के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी, अब चीफ जस्टिस गोगोई करेंगे फैसला

**नईदिल्ली।** पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की आईएनएक्स मीडिया मामले मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रहीं। दिल्ली हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो जाने के बाद पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें बुधवार सुबह तीसरी बार चिदंबरम की तलाश में उनके घर पहुंची, लेकिन वह नहीं मिले। इससे पहले मंगलवार देर रात सीबीआई के अधिकारियों ने चिदंबरम के घर के बाहर नोटिस चिपका दिया था। इस नोटिस में अगले दो घंटे के अंदर पेश



होने के लिए कहा गया, लेकिन वह पेश नहीं हुए। आईएनएक्स मीडिया घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट जज के एनवी रामन ने चिदंबरम की फाइल को मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के पास भेज दिया है। अब देखना है कि मुख्य न्यायाधीश इस मामले में क्या फैसले करते हैं। उनकी गिरफ्तारी होगी है या उन्हें राहत मिलेगी। मंगलवार दोपहर से ही पी. चिदंबरम पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी है और ईडी-सीबीआई उनके घर का चक्कर काट रही है। दिल्ली हाईकोर्ट से आईएनएक्स मीडिया केस में राहत ना मिलने के बाद से ही चिदंबरम गायब हैं, उनका फोन भी स्विच ऑफ है।

दूसरी ओर प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से पी. चिदंबरम के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया गया है। यानी अब पी. चिदंबरम अगर देश से बाहर जाने की कोशिश करेंगे तो एयरपोर्ट पर उन्हें पकड़ा जा सकता है। ताजा जानकारी के अनुसार चीफ जस्टिस अभी संविधान पीठ में बैठे हैं और अयोध्या केस में सुनवाई कर रहे हैं। जस्टिस रमना के मना करने के बाद कपिल सिब्बल तुरंत चीफ जस्टिस कोर्ट गए लेकिन वहां केस मेंशन नहीं किया, बल्कि कोर्ट ने सीधे अयोध्या केस की सुनवाई शुरू कर दी। पी चिदंबरम की अग्रिम जमानत याचिका रद्द करने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अंतरिम राहत की मांग करते हुए उनके वकीलों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटीशन दायर की गई है।

# मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम बाबूलाल गौर का निधन, लंबे समय से थे बीमार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल गौर का बुधवार सुबह भोपाल में एक निजी अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी उम्र 89 वर्ष थी। बताया जा रहा है कि 7 अगस्त को उन्हें गंभीर हालत में भोपाल के नर्मदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।



पिछले महीने ही बाबूलाल गौर की गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में एंजियोप्लास्टी की गई थी लेकिन उसके बाद से उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। बुधवार सुबह डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाबूलाल गौर 89 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात से ही उनकी हालत और बिगड़ती गई। उनका ब्लड प्रेशर कम होता गया और पल्स रेट भी गिरता गया। उन्हें लगातार लाइफ सपॉर्ट सिस्टम पर रखा गया था। उनकी किडनियों ने भी काम करना बंद कर दिया था।

बताया जा रहा है कि जबसे गौर एंजियोप्लास्टी कराकर लौटे तभी से उन्हें काफी कमजोरी हो गई थी। उनकी तीन नसें ब्लॉक बताई गई थीं इसलिए अधिक उम्र के बावजूद उनका ऑपरेशन करना पड़ा।

# रतुल पुरी 6 दिनों की ईडी हिरासत में भेजे गए

**नईदिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 354 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले मामले में व्यवसायी रतुल पुरी को मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 6 दिनों की हिरासत में भेज दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश संजय गर्ग ने यह आदेश दिया। इससे पहले दिन में दिल्ली हाइकोर्ट ने अगस्तावेस्टलैंड मामले में पुरी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी ने मंगलवार की सुबह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमल नाथ के भांजे पुरी और मोजर बियर के एक पूर्व कार्यकारी निदेशक को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दर्ज कराए गए 354 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एफआईआर के आधार पर पुरी और अन्य के खिलाफ सोमवार की देर रात प्रिवेंशन ऑफ मनी लांडरिंग एक्स (पीएमएलए) के तहत मनी लांडरिंग का मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने रतुल पुरी, उनकी कंपनी, उनके पिता और प्रबंध निदेशक दीपक पुरी, निदेशकों नीता पुरी (रतुल की मां और कमलनाथ की बहन), संजय जैन और विनित शर्मा के खिलाफ कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था।

# उफान पर यमुना, दिल्ली जाने वाली करीब एक दर्जन ट्रेनें डायवर्ट

**नईदिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर एक मीटर उपर पहुंच चुका है. इसके चलते निचले इलाकों में पानी भर गया है. बताया जा रहा है कि जलस्तर शाम तक 207.08 मीटर तक पंहुच जाएगा. यमुना में उफान आने से आसपास की सभी झुग्गी बस्तियां डूब चुकी हैं. इतना ही नहीं यमुना पर बने रेल-रोड ब्रिज (लोहा पुल) को भी बंद कर दिया गया है. ऐसे में पुल से होने वाले परिचालन को रोक दिया गया है. ऐसे में दिल्ली आने-जाने वाली करीब एक दर्जन ट्रेनों के रूट को



डायवर्ट कर दिया गया है.

बाढ़ के खतरे को देखते हुए हरिद्वार-अहमदाबाद योग एक्सप्रेस, बरेली-दिल्ली एक्सप्रेस, कोटद्वार-दिल्ली गढ़वाल एक्सप्रेस, गाजियाबाद-नई दिल्ली ईएमयू, अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस, भिवाणी-कानपुर कालिंदी एक्सप्रेस, जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस, दिल्ली-शाहजहांपुर पैसेंजर, दिल्ली-डिब्रूगढ़ ब्रह्मपुत्र मेल और दिल्ली-मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस का रूट डायवर्ट किया गया है. बता दें कि इस पुल के जरिये ट्रेनें पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन जाती हैं.

ट्रेनों पर रोक लगाने के साथ ही प्रशासन ने लोहा पुल के निचले हिस्से को भी बंद कर दिया है. इस हिस्से से बड़ी संख्या में मोटर वाहन गुजरते हैं. तीन दिनों से बंद इस हिस्से को अगले आदेश के बाद ही खोला जाएगा.

गौरतलब है कि लोहा पुल के आसपास यमुना के निचले इलाके में किसान बस्ती की सभी झुग्गियां लगभग डूब चुकी हैं. ये लोग अस्थाई कैंपो में रह रहे हैं. ये कैम्प इन्होंने खुद ही बनाये हैं।

# बिहार के राहुल को फेसबुक पर दोस्त बनाना पड़ा मंहगा, एक माह से जेल में हैं बन्द

**नयी दिल्ली।** बिहार के नालंदा जिला गांव तेल्मर का राहुल पांडेय 23 साल का एक गरीब लड़का जो कि अपने परिवार के साथ दिल्ली के सरदरगंज अस्पताल के च‍ाटर में रहता है, जो फेसबुक दोस्ती का शिकार हो गया है और पिछले एक महीने से नेपाल की जेल में बंद है। फेसबुक के माध्यम से वह कुछ नेपाली लोगों का दोस्त बना, जो दो बार भारत आए, दिल्ली में राहुल के घर पर रहे और उन्हें और उनकी माँ नीलम पांडे को



नेपाल में संयुक्त व्यवसाय करने के लिए लालच दिया। परिवार का विश्वास जितने के बाद उन्हे एयरलाइन का टिकट देकर नेपाल घुमने को बुलाया और फिर बन्धक बनाकर 65 लाख रुपया फिरौती मागने लगे, नहीं देने पर पुलिस में ठगी का आरोप लगा गिरफ़्तार करवा दिया। नेपाल में भारतीयों के लिए जमानत का कोई प्रावधान नहीं है। जब पुलिस के सामने हकीकत आई तो पुलिस ने तत्काल कारवाई करते हुए मां की ओर से एक काउंटर केस भी दर्ज किया। मूल समस्या ये है कि यहाँ अदालत इस तथ्य से आशंकित होने के कारण भारतीय जमानत मिलने के बाद नेपाल छोड़ देगें भारतीयों को बेल नहीं देतीं। विदेशी नागरिक विशेषकर भारतीयों को जमानत देने के लिए नेपाल के कानून में कोई प्रावधान नहीं है। इस समस्या से निपटने के लिए, अन्य राष्ट्र, अपने राजनीतिक और राजनयिक प्रभाव का उपयोग करते हैं, लेकिन भारत का दूतावास इस तरह की कोई पहल नहीं कर पाता है। मोदी सरकार की नई व्यवस्था और स्पष्ट निर्देशों के बावजूद यहां का दूतावास मूक दर्शक ही बना रहता है।

# देश में गंभीर मंदी, लेकिन कुंभकरण की नींद में सोई सरकारः सुरजेवाला

**नईदिल्ली।** अर्थव्यवस्था में सुस्ती और वस्त्र उद्योग क्षेत्र में मंदी से जुड़े एक विज्ञापन को लेकर कांग्रेस सरकार ने बुधवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि देश गंभीर मंदी का सामना कर रहा है, लेकिन सरकार कुंभकरण की नींद में सोई हुई है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा, खेती के बाद सबसे ज़्यादा रोज़गार पैदा करने वाला 'कपड़ा उद्योग' अब गंभीर मंदी की मार में। अख़बार में



इश्तिहार तक दिया पर कुंभकरणी नींद सो रही भाजपा सरकार।

उन्होंने सवाल किया, क्या देश का रोज़गार ख़त्म करना व उद्योग बंद करना देश विरोधी नहीं है? गौरतलब है कि कुछ अखबारों में 'नॉर्दन इंडिया टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन' नामक संगठन की तरफ से एक विज्ञापन छपवाया गया है जिसमें बताया गया है कि वस्त्र उद्योग क्षेत्र में नौकरियों पर संकट मंडरा रहा है। संगठन ने अपने विज्ञापन में साल 2018 और 2019 की तुलना करके बताया है कि अप्रैल से जून तक के महीने में सूती धागे के निर्यात में बहुत कमी आई है।

# बाबूलाल गौर के निधन पर पीएम ने शोक व्यक्त किया

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल गौर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि उनका लम्बा राजनीतिक जीवन जनता की सेवा में समर्पित रहा और वह राज्य के विकास की खातिर किये गए कार्यों के लिए हमेशा याद किये जायेंगे । गौर का आज सुबह भोपाल के नर्मदा अस्पताल में निधन हो गया । वह पिछले कई दिनों से गंभीर



हालत में अस्पताल में भर्ती थे । प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा, ''बाबूलाल गौर जी का लम्बा राजनीतिक जीवन जनता-जनार्दन की सेवा में समर्पित था। जनसंघ के समय से ही उन्होंने पार्टी को मज़बूत और लोकप्रिय बनाने के लिए मेहनत की। मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में मध्यप्रदेश के विकास के लिए किए गए उनके कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे।''उन्होंने कहा '' बाबूलाल गौर जी के निधन से गहरा दुःख हुआ। ईश्वर शोक संतप्त परिवार को दुःख की इस घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करे।

# रविदास मंदिर हटाने के खिलाफ दिल्ली पहुंची भीम आर्मी





**नईदिल्ली।** दिल्ली के तुगलकाबाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रविदास मंदिर हटाए जाने के खिलाफ भीम आर्मी दिल्ली पहुंच गई है. रामलीला मैदान सहित अन्य जगहों पर उतरे भीम आर्मी के लोग मंदिर हटाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं. इस प्रदर्शन में न केवल भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर मौजूद हैं बल्कि दिल्ली सरकार में सामाजिक कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम और आम आदमी पार्टी के कई विधायक भी शामिल हैं। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने राजनीति न करने की हिदायत दी थी. बावजूद इसके हजारों की तादाद में लोग सड़कों पर उतरे हुए हैं. हाल ही में दिल्ली के सामाजिक कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने आरोप लगाया था कि दिल्ली विकास प्राधिकरण ने पिछले शनिवार को पुलिस की मौजूदगी में मंदिर को गिरा दिया और प्रतिमा को ले गए. हालांकि, प्राधिकरण ने मंदिर शब्द का इस्तेमाल न करते हुए कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्ट्रक्चर को हटाया.

रविदास मंदिर को हटाने को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद मंगलवार को दलित समुदाय ने पंजाब में बंद रखा था।